# गौरा मैया के हो लाडले | by Sunil Sarvottam

जय जय गौरी लाल, शिव शंकर के प्यारे

गौरा मैया के हो लाडले शिव शंकर के प्यारे
सर्व प्रथम जो तुमको पूजे होंगे वारे न्यारे

हे गणराजा हे महाराजा तुमको आज मनाएं
शुभ कर्मो में सबसे पहले तेरा नाम ध्यायें
भोग लगाएं दीप जलाएं, तेरा नाम पुकारें
गौरा मैया के हो लाडले ..........

सिद्धि विनायक मूषक वाहन, एक दन्त पीताम्बर
बुद्धि विधाता भुवन पति हे सुरेश्वरम प्रथमेश्वर
मंगल मूर्ती शुभ गुणकानन, सब देवों से न्यारे
गौरा मैया के हो लाडले .............

रिद्धि सिद्धि के हो दाता शुभ लाभ के देवा
मनचाहा फल पाते हैं जो करते आपकी सेवा
सोये भाग जगा दे पल में बिगड़े काज सवारे
गौरा मैया के हो लाडले .............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-sunil-sarvottam/